फ. सं. जे-25011/89/2020-सामान्य (ई-35686)
भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय
(सामान्य अनुभाग)

शास्त्री भवन, नई दिल्ली
दिनांक 23 फरवरी, 2024

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषयः पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय का जनवरी, 2024 माह के लिए मासिक सारांश**

अधोहस्ताक्षरी को जनवरी, 2024 माह के लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के मासिक सारांश की एक प्रतिलिपि (हिंदी और अंग्रेजी दोनों) एतद्वारा परिचालित करने का निदेश दिया जाता है।

2. इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

(नोवस किन्डो) 23/02/24
अवर सचिव, भारत सरकार

संलग्नः यथोक्त

सेवा में,

1. उपाध्यक्ष, नीति आयोग, योजना भवन, नई दिल्ली
2. मंत्रिमंडल सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली
3. भारत सरकार के सभी सचिव
4. सूचना अधिकारी, पीआईबी, शास्त्री भवन, नई दिल्ली

I विपणन प्रचालन

1. सरकार ने पीएमयूवाई के तहत वित्त वर्ष 2023-24 से वित्त वर्ष 2025-26 तक तीन वर्षों के लिए अतिरिक्त 75 लाख एलपीजी कनेक्शन को जारी करने की मंजूरी सितम्बर, 2023 में दी थी। ओएमसीज ने 75 लाख एलपीजी कनेक्शन लक्ष्य के निमित्त दिनांक 31.01.2024 तक 57.10 लाख एलपीजी कनेक्शन जारी किए हैं ।

सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कम्पनियों द्वारा माह के दौरान लगभग 17.5 लाख नए एलपीजी कनेक्शन जारी किए गए, जिसमें पीएमयूवाई के तहत 14.3 लाख कनेक्शन शामिल हैं।

दिनांक 01.02.2024 तक देश में 32.17 करोड़ सक्रिय एलपीजी कनेक्शन हैं, जिसमें पीएमयूवाई के तहत 10.16 करोड़ कनेक्शन शामिल हैं।

2. माह के दौरान जारी किए गए आशय पत्रों (एलओआई) और उद्योग के आधार पर चालू की गई डिस्ट्रीब्यूटरशिप्स की संख्या क्रमशः 09 और 06 है। चालू वित्त वर्ष (अप्रैल'23-जनवरी'24) के दौरान कुल 105 डिस्ट्रीब्यूटरशिप्स चालू की गई हैं।

3. दिनाँक 01.02.2024 की स्थिति के अनुसार, पहल योजना के तहत लगभग 29.80 करोड़ एलपीजी उपभोक्ता नामांकित हैं।अभी तक 'गिव इट अप' अभियान के तहत 1.14 करोड़ से अधिक उपभोक्ताओं ने एलपीजी राजसहायता लेनी बंद कर दी है ।

4. दिनांक 31.01.2024 की स्थिति के अनुसार कुल 42,637 खुदरा बिक्री केंद्रों को सौर ऊर्जा से सुसज्जित किया गया है।

5. जनवरी, 2024 के दौरान पेट्रोल के खुदरा मूल्य अपरिवर्तित रहे (उदाहरण के लिए दिल्ली में 96.72 रुपये/लीटर)। इसी तरह, डीजल के खुदरा मूल्य अपरिवर्तित रहे (उदाहरण के लिए दिल्ली में 89.62 रुपये प्रति लीटर)।

6. 14.2 किलोग्राम के घरेलू एलपीजी सिलिंडर का मूल्य 903 रुपये प्रति सिलिंडर (दिल्ली में) पर अपरिवर्तित रहा। 300 रुपये/14.2 किलोग्राम सिलिंडर की निर्धारित राजसहायता के साथ, पीएमयूवाई उपभोक्ताओं के लिए प्रभावी लागत (दिल्ली में) 603 रुपये प्रति सिलिंडर थी।

7. दिनांक 1 जनवरी, 2024 तक पीडीएस मिट्टी तेल पर शून्य अल्प वसूली है।

8. 75वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर एमओपीएंडजी ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के 500 लाभार्थियों को सम्मानित किया।

## II. कच्चा तेल

1 जनवरी 2024 के दौरान घरेलू कच्चे तेल का उत्पादन 2.53 एमएमटी था, जो माह के लक्ष्य (2.53 एमएमटी) से 1.7% कम है और पिछले वर्ष (जनवरी 2023) के इसी माह के उत्पादन (2.49 एमएमटी) से 0.2% अधिक है। अप्रैल-जनवरी, 2023-24 के दौरान कच्चे तेल का संचयी उत्पादन 24.51 एमएमटी था, जो इस अवधि के लक्ष्य (25.10 एमएमटी) से 2.4 % और पिछले वर्ष की इसी अवधि के उत्पादन (24.56 एमएमटी) से 0.2% कम है।

2 जनवरी 2024 के दौरान, कच्चे तेल की भारतीय बास्केट का मूल्य 75.79 डॉलर और 83. 47 डॉलर प्रति बैरल के बीच रहा और माह का औसत मूल्य 79.22 डॉलर प्रति बैरल था, जो दिसंबर, 2023 के औसत मूल्य 77.42 डॉलर प्रति बैरल से 2.3% अधिक है।

3 **ओएएलपी बोली दौर चरण-VIII के तहत ब्लॉक प्रदान करना:** ओएएलपी बोली दौर चरण-VIII की शुरुआत 7 जुलाई 2022 को हुई थी, जिसमें दिनांक 05.07.2023 तक अतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली के तहत प्रदान किए 10 अन्वेषण ब्लॉकों का कुल क्षेत्र 36,316 वर्ग कि.मी. शामिल था। 36,316 वर्ग कि.मी. रकबा क्षेत्र में फैले 10 अन्वेषण ब्लॉक एच1 बोलीदाताओं को प्रदान किए गए और दिनांक 03.01.2024 को राजस्व हिस्सेदारी संविदा पर हस्ताक्षर किया गया।

4 **ओएएलपी (एससीबीएम-2022) के विशेष सीबीएम बोली दौर 2022 के तहत 3 सीबीएम ब्लॉक प्रदान करना:** दूसरा विशेष सीबीएम बोली दौर 10 अक्तूबर 2022 को शुरू हुआ था जिसमें दिनांक 1-30 जून के दौरान अन्तर्रष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली (आईसीबी) द्वारा 5860 वर्ग कि.मी क्षेत्र को कवर करने वाले 16 सीबीएम ब्लॉक (बेसिन श्रेणी-III) को प्रदान किया गया था। लगभग 717 वर्ग कि.मी क्षेत्र को कवर करने वाले तीन सीबीएम ब्लॉक एच1 बोलीदाताओं को प्रदान किए गए और दिनांक 03.01.2024 को आरएससी पर हस्ताक्षर किया गया।

5 **गहरे समुद्र के ब्लॉक केजी-डीडब्ल्यूएन-98/2 से पहला तेल उत्पादन:** ऑयल और नैचुरल गैस कॉर्पोरेशन (ओएनजीसी) के पहले तेल उत्पादन की सफलतापूर्वक शुरुआत एफपीएसओ (फ्लोटिंग प्रोडक्शन, स्टोरेज और ऑफ लोडिंग वेसेल), अरमाडा स्टर्लिंग-V का उपयोग करते हुए कृष्णा गोदावरी बेसिन के गहरे पानी में उसकी प्रमुख परियोजना केजी-डीडब्ल्यूएन-98/2 ब्लॉक से हुई थी। परियोजना द्वारा वर्तमान के राष्ट्रीय तेल और गैस उत्पादन में 7% बढ़त की संभावना है । क्षेत्र का अधिकतम उत्पादन 45,000 बैरल तेल (बीओपीडी) प्रति दिन और 10 एमएमएससीएमडी से अधिक गैस होने की उम्मीद है, जो माननीय प्रधानमंत्री के ऊर्जा आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

6 पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री ने दिनांक 25 जनवरी, 2024 को नई दिल्ली में ओएनजीसी के अत्याधुनिक डिजिटल कॉर्पोरेट विज़ुअलाइज़ेशन सेंटर 'ओएनजीसी दर्पण' का उद्घाटन किया। ओएनजीसी दर्पण में विभिन्न प्रकार की डिजिटल सामग्री प्रदर्शित करने की क्षमता है, लेकिन यह संवर्धित और आभासी वास्तविकता क्षमता के साथ एवी सामग्री, प्रबंधन डैशबोर्ड, केंद्रीकृत प्रचालन और व्यावसायिक डेटा मॉनिटरिंग, फ़ील्ड से लाइव फ़ीड, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधाएं तथा और भी बहुत कुछ प्रदर्शित करने की क्षमता तक ही सीमित नहीं है।

भारत में अपनी तरह का यह पहला डिजिटल हब होगा जो वास्तविक समय के आधार पर ओएनजीसी के तेल और गैस कूपों और ड्रिलिंग इकाइयों (अपतटीय सहित) की केन्द्रीय निगरानी करने में सक्षम होगा। इससे मानवीय हस्तक्षेप और डाउनटाइम को कम करने, संचालन को इष्टतम करने और पूर्वानुमानित रखरखाव को सुविधाजनक बनाने में मदद मिलेगी।

## III. गैस की आपूर्ति

1. जनवरी 2024 के दौरान प्राकृतिक गैस का उत्पादन 3.16 बीसीएम था, जो माह के लक्ष्य (3.32 बीसीएम) से 4.8% कम है और पिछले वर्ष के इसी माह (जनवरी 2023) के उत्पादन (2.98 बीसीएम) से 6.3% अधिक है। अप्रैल-जनवरी, 2023 के दौरान संचयी प्राकृतिक गैस का उत्पादन 30.37 बीसीएम था, जो इस अवधि के लक्ष्य (31.71 बीसीएम) से 4.2% कम है और पिछले वर्ष की इसी अवधि के उत्पादन (28.84 बीसीएम) से 5.3% अधिक है।

2. दिनांक 30.11.2023 की स्थिति के अनुसार, लगभग 1.20 करोड़ पीएनजी घरेलू कनेक्शन प्रदान किए गए हैं और पीएनजीआरबी द्वारा प्राधिकृत विभिन्न सीजीडी कंपनियों द्वारा 6159 सीएनजी स्टेशन स्थापित किए गए हैं।

3. किफायती परिवहन के लिए दीर्घकालिक विकल्प (सतत) के तहत, दिनांक 01.01.2024 की स्थिति के अनुसार, जारी किए गए आशय पत्रों (एलओआई) की कुल संख्या 2210 है। देश भर में कुल 55 सीबीजी/बायो गैस संयंत्र चालू किए गए हैं और लगभग 57 सीबीजी संयंत्र निर्माणाधीन हैं। सरकार द्वारा बायोमास के संग्रहण में सहायता हेतु बायोमास एकत्रीकरण मशीनरी की खरीद के लिए सीबीजी उत्पादकों को वित्तीय सहायता प्रदान करने की योजनाओं को अनुमोदित किया गया है।

4. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा दिनांक 27 जनवरी, 2024 को पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री की उपस्थिति में बदायूँ , यूपी में एक सीबीजी संयंत्र का उद्घघाटन और आठ सीबीजी संयंत्रों की आधारशिला रखी गई ।

## IV. जैव ईंधन और एथेनॉल मिश्रण

1. एथेनॉल आपूर्ति वर्ष (ईएसवाई) 2023-24 (ईएसवाई: ईएसवाई: 1 नवंबर से 31 अक्टूबर) के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) ने दिनांक 28.01.2024 तक 110.27 करोड़ लीटर एथेनॉल खरीदा है , जिससे लगभग 11.09% मिश्रण प्राप्त हुआ है। ओएमसीज ने देश भर में 10700 से अधिक खुदरा बिक्री केंद्रों पर ई20 पेट्रोल (पेट्रोल में 20% एथेनॉल) का वितरण शुरू कर दिया है।
2. वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान, दिनांक 31.01.2024 तक सार्वजनिक क्षेत्र की ओएमसीज ने बायो-डीजल मिश्रण कार्यक्रम के लिए 32.83 करोड़ लीटर बायोडीजल खरीदा है।
3. **ग्रीन हाइड्रोजन:** तेल और गैस पीएसयूज वर्ष 2026 तक 33.17 केटीपीए के प्रायोगिक और वाणिज्यिक ग्रीन हाइड्रोजन संयंत्र स्थापित करने की प्रक्रिया में हैं। गेल इंदौर में मेसर्स अवंतिका गैस नेटवर्क में 2% (लगभग) हाइड्रोजन का मिश्रण कर रहा है। ओआईएल जोरहाट में निजी उपयोग के लिए प्राकृतिक गैस के साथ 2% (लगभग) हाइड्रोजन का मिश्रण भी कर रहा है ।

## V. आयात निर्भरता कम करना

1. भारत ने अप्रैल-दिसंबर 2023 के दौरान 98.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर के लिए 172.9 एमएमटी कच्चे तेल का आयात किया, जबकि अप्रैल-दिसंबर 2022 के दौरान 124.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर की तुलना में 172.3 एमएमटी आयात किया है। पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान 87.0% की तुलना में अप्रैल-दिसंबर 2023 के दौरान कच्चे तेल की आयात निर्भरता 87.5% थी।

2. भारत ने अप्रैल-दिसंबर 2023 के दौरान 9.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर में 22.86 बीसीएम एलएनजी का आयात किया, जबकि अप्रैल-दिसंबर 2022 की अवधि के दौरान 13.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर में 20.01 बीसीएम एलएनजी आयात किया गया। प्राकृतिक गैस की आयात निर्भरता अप्रैल-दिसंबर 2022 के दौरान 46.1% से घटकर अप्रैल-दिसंबर 2023 के दौरान 44.2% हो गई।

## VI. जीईएम खरीद

वित्त वर्ष 2023-24 के लिए, तेल पीएसयूज ने दिनांक 31 जनवरी, 2024 तक जीईएम पोर्टल के माध्यम से 26,446.81 करोड़ रुपये की वस्तुओं की खरीद की, जबकि पिछले वर्ष दिनांक 31 जनवरी, 2023 तक 20,878.01 करोड़ रुपये तक की खरीद की गई थी। पोर्टल पर कैटलॉग/कस्टम/ बीओक्यू बोली के माध्यम से उपलब्ध वस्तुओं के लिए 100% खरीद जीईएम के माध्यम से की जा रही है।

## VII. अंतरराष्ट्रीय सहयोग

1. पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री ने **15 से 19 जनवरी 2024 तक दावोस में विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) 2024 में भाग लेने के लिए एक उद्योग प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया** । डब्ल्यूईएफ'24 में माननीय मंत्री ने निम्नलिखित सत्रों में भाग लिया:

    i. न्यू एनर्जी एवं दीर्घकालिक शहरीकरण
    ii. एनर्जी एमिड राएवलरी
    iii. भारत में हरित हाइड्रोजन के अवसर
    iv. ऊर्जा बदलाव नेतृत्वशीलता
    v. क्या भारत इस क्षण का लाभ उठा सकता है?
    vi. भारत के संबंध में देश का रणनीति संवाद
    vii. गोलमेज सम्मेलन आईजीडब्लयूएल (विश्व आर्थिक नेताओं की अनौपचारिक बैठक): ऊर्जा सत्र

इसके अलावा, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री ने **18 जनवरी 2024 को महामहिम एलेक्जेंडर सिल्वेरा, ब्राजील के खान एवं ऊर्जा मंत्री, श्री फातिह बिरोल , आईईए के कार्यकारी निदेशक और श्री रॉबर्टो बोक्का विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के साथ वैश्विक** जैव ईंधन गठबंधन पर एक वैश्विक गोलमेज सम्मेलन की भी मेजबानी की थी। गोलमेज सम्मेलन ने उद्योग के हितधारकों और कैप्टन को दीर्घकालिक विमानन ईंधन (एसएएफ), स्वच्छ खाना पकाने के ईंधन विकल्पों और जैव ईंधन के वैकल्पिक स्रोतों को अपनाने की दिशा में रास्ता तैयार करने के लिए एकजुट किया।

2. पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री ने **मौजूदा** ऊर्जा सहयोग की समीक्षा के लिए **29 जनवरी 2024** को अमेरिकी विदेश विभाग के ऊर्जा संसाधन राज्य के सहायक सचिव **श्री जेफ्री रॉस पायट के साथ आमने-सामने चर्चा की।** दोनों पक्ष उचित और व्यवस्थित ऊर्जा बदलाव के लिए आवश्यक ऊर्जा अणुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के महत्व को रेखांकित करते हुए ऊर्जा मूल्य श्रृंखला में सहयोग को और मजबूत करने के तरीकों का पता लगाने पर सहमत हुए।

3. पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस सचिव ने **9 जनवरी 2024** को 10 वें वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2024 के अवसर पर **मोजाम्बिक गणराज्य के राष्ट्रपति महामहिम फिलिप जैसिंटो न्यूसी** से मुलाकात की। उन्होंने अन्य बातों के अलावा, एलएनजी को बेहतर बनाने की योजनाओं पर चर्चा की, जिसमें भारतीय पीएसयूज ने 9 बिलियन अमरीकी डालर से अधिक का निवेश किया है।

4. पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस सचिव ने **10 जनवरी 2024** को **महामहिम कैराट तोरेबायेव, कजाकिस्तान गणराज्य के व्यापार और एकीकरण उप-मंत्री** के साथ द्विपक्षीय बैठक की, उसी के साथ 10 वें वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2024 के अवसर पर मुलाकात की और संपूर्ण ऊर्जा मूल्य श्रृंखला में द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा की।

5. वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन (जीबीए) के अंतरिम महासचिव के रूप में, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस के सचिव ने **16 जनवरी 2024 को वर्चुअल मोड में** दूसरी अस्थायी कार्यकारी समिति (टीईसी) की बैठक की अध्यक्षता की । बैठक के एजेंडे में जीबीए चार्टर के मसौदे पर विस्तृत समीक्षा, जीबीए लोगो से संबंधित प्रविष्टियों पर विचार-विमर्श और मुख्यालय के समझौते शामिल थे।

6. एमओपीएंडएनजी ने **17 जनवरी 2024** को खाड़ी देशों (ओमान, कुवैत, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन) के 30 पत्रकारों/संपादकों की मेजबानी की, जो भारत की परिचित यात्रा पर थे।

**VIII अवसंरचना ढांचे का विकास**

जनवरी, 2024 माह के दौरान ओएनजीसी, आईओसीएल, गैल गैस लि. और एचपीसीएल की 5,506 करोड़ रुपये (अद्यतन स्वीकृत लागत) की लागत से कुल 14 तेल और गैस अवसंरचना परियोजनाओं को पूरा किया गया है।

*******

F.No.J- 25011/89/2020-Gen.(E-35686)
Government of India
Ministry of Petroleum & Natural Gas
(General Section)
********

Shastri Bhawan, New Delhi
Dated 23rd February, 2024

**OFFICE MEMORANDUM**

**Subject: Monthly Summary of Ministry of Petroleum and Natural Gas for the month of January, 2024**

The undersigned is directed to circulate herewith a copy of the Monthly Summary (Both English & Hindi) of the Ministry of Petroleum & Natural Gas for the month of January, 2024.

2. This issues with the approval of the Competent Authority.

नोवस किंडो 23/2/24
( Noas Kindo )
Under Secretary to the Govt. of India

Encl.: As above

To,

1. Deputy Chairman, NITI Aayog, Yojana Bhavan, New Delhi
2. Cabinet Secretary, Rashtrapati Bhawan New Delhi
3. All Secretaries to Government of India
4. Information Officer, PIB, Shastri Bhawan, New Delhi

I. **Marketing Operations**

1. Government had in September, 2023 approved release of additional 75 lakh LPG connections under PMUY over the period of 3 years from FY 2023-24 to FY 2025-26. As on 31.01.2024, OMCs have released 57.10 lakh LPG connections against the target of 75 lakh.

   About 17.5 lakh new LPG connections have been issued during the month by Public sector OMCs, including 14.3 lakh connections under PMUY.

   As on 01.02.2024, there are 32.17 crore active LPG connections in the country, including 10.16 crore PMUY connections.

2. The number of Letter of Intent (LOI) issued and distributorships commissioned during the month on industry basis are 09 and 06 respectively. Total 105 distributorships have been commissioned during current Financial Year (Apr.'23 – Jan.'24).

3. As on 01.02.2024, approx. 29.80 crore LPG consumers are enrolled under the PAHAL scheme. Till date, more than 1.14 crore customers have given up their LPG subsidy under 'GiveItUp' campaign.

4. As on 31.01.2024, a total of 42,637 retail outlets have been solarized.

5. During January 2024, retail prices of Petrol remained unchanged (e.g. at Rs.96.72/litre in Delhi). Similarly, retail prices of Diesel remained unchanged (e.g. at Rs.89.62/litre in Delhi).

6. Price of domestic LPG cylinder of 14.2 Kg remained unchanged at Rs.903 per cylinder (in Delhi). With a targeted subsidy of Rs.300/14.2 Kg cylinder, effective cost was Rs.603 per cylinder (in Delhi) for PMUY consumers..

7. There is NIL under recovery on PDS Kerosene as on 1$^{st}$ January, 2024.

8. As part of the 75th Republic Day celebrations, the MoPNG hosted 500 beneficiaries of the Pradhan Mantri Ujjwala Yojana (PMUY).

II. **Crude Oil**

1. Domestic crude oil production during January 2024 was 2.53 MMT, which is 1.7% lower than the target (2.53 MMT) for the month and 0.2% higher when compared to the production (2.49 MMT) of corresponding month of last year (January 2023). Cumulative crude oil production during April-January, 2023-24 was 24.51 MMT, which is 2.4% lower than the target (25.10 MMT) for the period and 0.2% lower than the production of the corresponding period of last year (24.56 MMT).

2. During January, 2024, the price of the Indian Basket of Crude oil varied between $75.79 and $83.47 per barrel and the average price for the month was $79.22 per barrel, 2.3% higher than the average price of $77.42 per barrel for December, 2023.

3. **Award of Blocks under OALP Bid Round-VIII**: The OALP Bid Round-VIII was launched on 7$^{th}$ July 2022 with offer of 10 exploratory blocks comprising a total area of 36,316 sq. km. under International Competitive Bidding till 5.07.2023. The offered 10 Exploration blocks, spread over 36,316 sq. km. acreage area have been awarded to H1 bidders and Revenue Sharing Contract (RSC) signed on 03.01.2024.

4. **Award of 3 CBM Blocks under Special CBM Bid Round 2022 under OALP (SCBM-2022)**: 2$^{nd}$ Round of Special CBM Bid Round was launched on 10$^{th}$ October 2022, wherein 16 CBM blocks (Category-III basins) covering around 5860 Sq Km area were offered through International Competitive Bidding (ICB) during the period 1$^{st}$ -30$^{th}$ June 2023. Three CBM blocks covering around 717 sq km area have been awarded to H1 bidders and RSC signed on 03.01.2024.

5. **First Oil Production from Deep-sea Block KG-DWN-98/2 Block**: Oil and Natural Gas Corporation (ONGC) has successfully initiated first oil production on 7$^{th}$ January, 2024 from its flagship deep-sea project KG-DWN-98/2 Block in the deep waters of Krishna Godavari basin using FPSO (floating production, storage and offloading vessel), Armada Sterling-V. The project is expected to add 7% to the current national oil and gas production. Peak production of field is expected to be 45,000 barrels of oil per day (bopd) and over 10 MMSCMD of gas, which will contribute significantly towards the vision of Hon'ble PM of an energy Aatmanirbhar Bharat.

6. Minister of Petroleum & Natural Gas inaugurated ONGC's state-of-the-art digital Corporate Visualization Center 'ONGC DARPAN', in New Delhi on 25$^{th}$ January, 2024. ONGC DARPAN has the capability to exhibit a variety of Digital content including, but not limited to, AV content with Augmented and Virtual Reality capability, Management Dashboards, Centralized Operational and Business Data Monitoring, Live Feed from the Fields, Video Conferencing facilities and much more.

This first-of-its-kind digital hub in India will enable monitoring of ONGC's oil and gas wells and drilling units (including offshore) centrally on real-time basis. This will help in reducing human intervention and downtime, optimizing operations, and facilitating predictive maintenance.

## III. Gas supply

1. Natural gas production during January 2024 was 3.16 BCM, which is 4.8% lower than the target (3.32 BCM) for the month and 6.3% higher than production (2.98 BCM) of corresponding month of last year (January 2023). Cumulative natural gas production during April-January, 2023 was 30.37 BCM, which is 4.2% lower than the target (31.71 BCM) for the period and 5.3% higher than the production of the corresponding period of last year (28.84 BCM).

2. As on 30.11.2023, approximately 1.20 crore PNG domestic connections have been provided and 6159 CNG stations installed by the various CGD entities authorized by the PNGRB

3. Under Sustainable Alternative Towards Affordable Transportation (SATAT), as on 01.01.2024, total number of Letters of Intent (LOI) issued is 2210. A total of 55 CBG/Bio Gas Plants have been commissioned across the country, and about 57 CBG plants are under construction. Schemes for providing financial assistance to CBG producers for procurement of biomass aggregation machinery to support collection of biomass has been approved by Government.

4. One CBG plant inaugurated and foundation stone for eight CBG plants laid on 27th January, 2024 in Badaun, UP by Chief Minister of Uttar Pradesh in presence of the Minister of Petroleum & Natural Gas.

## IV. Bio fuels and Ethanol Blending

1. During Ethanol Supply Year (ESY) 2023–24 (ESY: ESY: 1st November to 31st October) the Public Sector Oil Marketing Companies (OMCs) have procured 110.27 crore litres ethanol upto 28.01.2024, achieving blending of approx. 11.09%.. OMCs have started dispensing E20 petrol (20% ethanol in petrol) at more than 10700 retail outlets across the country.

2. During the Financial Year 2023-24, the Public Sector OMCs have procured 32.83 crore litres of biodiesel upto 31.01.2024 for the bio-diesel blending programme.

3. **Green Hydrogen:** Oil and Gas PSUs are in the process of establishing Pilot and Commercial Green Hydrogen Plants of 33.17 KTPA by 2026. GAIL is blending 2% (approx.) Hydrogen in M/s Avantika Gas Network in Indore. OIL is also blending 2% (approx.) Hydrogen with natural gas for captive usage at Jorhat.

## V. Reducing Import Dependency

1. India imported 172.9 MMT of crude oil for US$ 98.4 billion during April -December 2023 as compared to an import of 172.3 MMT for $ 124.9 billion during April-December 2022. Import dependency of crude oil during April-December 2023 was 87.5% as compared to 87.0% during the corresponding period of last year.

2. India imported 22.86 BCM of LNG for US$ 9.9 billion during April-December 2023 as compared to LNG imports of 20.01 BCM for US$ 13.7 billion during April-December 2022 period. Import dependency of Natural Gas reduced from 46.1% during April-December 2022 to 44.2% during April-December 2023.

## VI. GeM Procurement

For FY 2023-24, Oil PSUs procured items worth Rs.26,446.81 crore through GeM portal till 31st January, 2024 as compared to Rs.20,878.01 crores procured till 31st January, 2023 in the previous year. 100% procurement is being done through GeM for items that are available on the portal either through catalogue / Custom / BoQ bidding.

## VII. International Cooperation

1. Minister of Petroleum and Natural Gas led an Industry Delegation to participate in the **World Economic Forum (WEF) 2024 at Davos from 15th - 19th January'2024**. At WEF'24 Hon'ble Minister participated in the following sessions:

    i. New Energy & Sustainable Urbanization
    ii. Energy amid Rivalry
    iii. Green Hydrogen Opportunities in India
    iv. Energy Transition Leaders
    v. Can India Seize its Moment
    vi. Country Strategy Dialogue on India
    vii. Roundtable IGWEL (Informal Gathering of World Economic Leaders): Energy Session

    On the sidelines, Minister of Petroleum and Natural Gas also hosted a global Roundtable on Global Biofuels Alliance on **18th January 2024 with H.E. Alexandre Silveira, Minister of Mines & Energy of Brazil, Mr. Fatih Birol, Executive Director of IEA & Mr Roberto Bocca of World Economic Forum (WEF)**. The Roundtable brought stakeholders & captains of the

industry together to chart the way towards the adoption of Sustainable Aviation Fuel (SAF), clean cooking fuel options and alternative sources of biofuel.

2. Minister of Petroleum and Natural Gas held one-on-one discussions with **Mr. Geoffrey Ross Pyatt,** Assistant Secretary of State for Energy Resources, U.S. Department of State, on **$29^{th}$ January 2024** to review the existing energy cooperation. Both sides agreed to explore ways to further strengthen cooperation across the energy value chain while underscoring the importance of ensuring availability of energy molecules necessary for just & orderly energy transition.

3. Secretary, Petroleum and Natural Gas called on **H.E. Filipe Jacinto Nyusi, President of the Republic of Mozambique** on **$9^{th}$ January 2024** on the sidelines of the 10th Vibrant Gujarat Global Summit 2024. They, inter alia, discussed plans of revival of the LNG project in Area I, in which Indian PSUs have invested over USD 9 Billion.

4. Secretary, Petroleum and Natural Gas had bilateral meeting with **H.E Kairat Torebayev, Vice-Minister of Trade and integration of the Republic of Kazakhstan** on **$10^{th}$ January 2024** on the sidelines of the 10th Vibrant Gujarat Global Summit 2024, and discussed bilateral collaboration in the entire energy value chain.

5. Secretary, Petroleum and Natural Gas as Interim Secretary General of the Global Biofuels Alliance (GBA) chaired the $2^{nd}$ Temporary Executive Committee (TEC) meeting in virtual mode on **$16^{th}$ January 2024**. The meeting's agenda included a detailed review on the draft of the GBA Charter, deliberation on the GBA logo entries, and the headquarters agreement.

6. MoP&NG hosted 30 journalists/Editors from Gulf countries (Oman, Kuwait, Saudi Arabia, UAE, Bahrain) on **$17^{th}$ January 2024**, who were on a familiarization visit to India.

## VIII. Infrastructure Development

A total of 14 oil & gas infrastructure projects valued at Rs.5,506 Cr.(latest approved cost) of ONGC, IOCL, Gail Gas Ltd and HPCL have been completed during the month of January, 2024.